2019 का विधेयक संख्यांक 188

[दि रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2019 का हिन्दी अनुवाद]

# निरसन और संशोधन विधेयक, 2019

**कतिपय अधिनियमितियों का निरसन और कतिपय अन्य अधिनियमितियों का संशोधन करने के लिए**

**विधेयक**

भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :--

संक्षिप्त नाम ।

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम निरसन और संशोधन अधिनियम, 2019 है ।

कतिपय अधिनियमितियों का निरसन ।

2. पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियों को इसके द्वारा निरसित किया जाता है ।

कतिपय अधिनियमितियों का संशोधन ।

3. दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियों को इसके द्वारा उसके चौथे स्तंभ में विनिर्दिष्ट विस्तार तक तथा रीति से संशोधित किया जाता है ।

व्यावृत्तियां ।

4. किसी अधिनियमिति का इस अधिनियम द्वारा निरसित किया जाना, किसी अन्य ऐसी अधिनियमिति को प्रभावित नहीं करेगा जिसमें निरसित अधिनियमिति को लागू, सम्मिलित या निर्दिष्ट किया गया है ;

और इस अधिनियम का प्रभाव, पहले की गई या हुई किसी बात या पहले से अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, हक, बाध्यता या दायित्व अथवा उसके संबंध में किसी उपचार या कार्यवाही या किसी ऋण, शास्ति, बाध्यता, दायित्व, दावे या मांग के या उससे कोई निर्मोचन या उन्मोचन या पहले से अनुदत्त किसी क्षतिपूर्ति या किसी पूर्व कार्य या बात के सबूत की विधिमान्यता, अविधिमान्यता, उसके प्रभाव या परिणामों पर नहीं पड़ेगा ;

और न ही, इस अधिनियम का प्रभाव विधि के किसी सिद्धान्त या नियम या स्थापित अधिकारिता, अभिवचन के प्ररूप या अनुक्रम, पद्धति या प्रक्रिया, या विद्यमान प्रथा, रूढ़ि, विशेषाधिकार, निर्बंधन, छूट, पद या नियुक्ति पर किसी भी बात के होते हुए भी कि नहीं पड़ेगा कि वह इसके द्वारा निरसित किसी अधिनियमिति द्वारा, उसमें या उससे किसी रीति से क्रमशः पुष्ट या मान्य या व्युत्पन्न हुआ हो ;

और न ही, इस अधिनियम द्वारा किसी अधिनियमिति के, जो अब विद्यमान या प्रवृत्त नहीं है, निरसन से कोई अधिकारिता, पद, रूढ़ि, दायित्व, अधिकार, हक, विशेषाधिकार, निर्बंधन, छूट, प्रथा, पद्धति, प्रक्रिया या अन्य विषय या बात पुनरुज्जीवित या प्रत्यावर्तित होगी ।

# पहली अनुसूची

**(धारा 2 देखें)**

## निरसन

| वर्ष | अधिनियम संख्यांक | संक्षिप्त नाम |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1850 | 12 | लोक लेखापाल चूक अधिनियम, 1850 |
| 1881 | 11 | नगरपालिका कराधान अधिनियम, 1881 |
| 1892 | 10 | प्राइवेट संपदा सरकारी प्रबंध अधिनियम, 1892 |
| 1956 | 69 | रेल यात्री सीमा कर अधिनियम, 1956 |
| 1958 | 56 | हिमाचल प्रदेश विधान सभा (गठन और कार्यवाहियां) विधिमान्यकरण अधिनियम, 1958 |
| 1960 | 22 | कपास परिवहन ( संशोधन) अधिनियम, 1960 |
| 1963 | 1 | हिन्दी साहित्य सम्मेलन (संशोधन) अधिनियम, 1963 |
| 1963 | 35 | नाट्य प्रदर्शन (दिल्ली निरसन) अधिनियम, 1963 |
| 1964 | 10 | लोक नियोजन (निवास के रूप में अपेक्षा) संशोधन अधिनियम, 1964 |
| 1968 | 49 | दिल्ली और अजमेर किराया नियंत्रण (नसीराबाद कैंटोनमेंट निरसन) अधिनियम, 1968 |
| 1973 | 56 | एलकाक एशडाउन कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन ) अधिनियम, 1973 |
| 1976 | 55 | लौह-अयस्क खान, मैंगनीज-अयस्क खान और क्रोम-अयस्क खान श्रम कल्याण उपकर अधिनियम, 1976 |
| 1976 | 61 | लौह-अयस्क खान, मैंगनीज-अयस्क खान और क्रोम-अयस्क खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1976 |
| 1976 | 62 | बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि अधिनियम, 1976 |
| 1980 | 68 | चाय (संशोधन) अधिनियम, 1980 |
| 1981 | 62 | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1981 |
| 1982 | 63 | सड़क परिवहन निगम (संशोधन) अधिनियम, 1982 |
| 1983 | 41 | ट्रांसफार्मर एंड स्विचगियर लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1983 |
| 1988 | 22 | तमिलनाडु कृषि सेवा सहकारी सोसाइटी (विशेष अधिकारियों की नियुक्ति) संशोधन अधिनियम, 1988 |
| 1999 | 3 | उच्च मूल्य बैंक नोट (विमुद्रीकरण) संशोधन अधिनियम, 1998 |
| 2001 | 39 | मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, 2001 |
| 2001 | 48 | रजिस्ट्रीकरण और अन्य संबंधित विधियां (संशोधन) अधिनियम, 2001 |
| 2002 | 16 | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2002 |
| 2002 | 43 | दिल्ली विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2002 |
| 2007 | 3 | डालमिया दादरी सीमेंट लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) संशोधन अधिनियम, 2006 |
| 2007 | 28 | केंद्रीय सड़क निधि (संशोधन) अधिनियम, 2007 |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 2009 | 21 | धन-शोधन निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2009 |
| 2009 | 22 | केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (संशोधन) अधिनियम, 2009 |
| 2009 | 38 | केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2009 |
| 2010 | 3 | नागरिक सुरक्षा (संशोधन) अधिनियम, 2009 |
| 2011 | 6 | बन्दी संप्रत्यावर्तन (संशोधन) अधिनियम, 2011 |
| 2011 | 14 | सीमाशुल्क (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2011 |
| 2012 | 28 | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2012 |
| 2012 | 34 | प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2012 |
| 2014 | 8 | राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन अधिनियम, 2014 |
| 2014 | 9 | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2014 |
| 2014 | 19 | आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2014 |
| 2014 | 20 | भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2014 |
| 2014 | 31 | वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनयम, 2014 |
| 2014 | 32 | वाणिज्य पोत परिवहन (दूसरा संशोधन) अधिनयम, 2014 |
| 2014 | 39 | दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध ) दूसरा (संशोधन) अधिनियम, 2014 |
| 2015 | 2 | सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभागियों की बेदखली) संशोधन अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 3 | मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 5 | बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 10 | खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 12 | आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 14 | प्रादेशिक ग्रामीण बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 16 | भाण्डागारण निगम (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2015 | 21 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2015 |
| 2016 | 10 | निर्वाचन विधि (संशोधन) अधिनियम, 2016 |
| 2016 | 13 | उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्त) (संशोधन) अधिनियम, 2016 |
| 2016 | 25 | खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 |
| 2016 | 42 | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2016 |
| 2016 | 45 | केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2016 |
| 2016 | 48 | कराधान विधि (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2016 |
| 2017 | 19 | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2017 |
| 2017 | 21 | सांख्यिकीय संग्रहण (संशोधन) अधिनियम, 2017 |
| 2017 | 25 | भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2017 |

# दूसरी अनुसूची

**(धारा 3 देखें)**

**संशोधन**

| वर्ष | अधिनियम संख्यांक | संक्षिप्त नाम | संशोधन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1961 | 43 | आय-कर अधिनियम, 1961 | हिन्दी पाठ में संशोधन की आवश्यकता नहीं है । |
| 2017 | 33 | भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 | (i) हिन्दी पाठ में संशोधन की आवश्यकता नहीं है ।<br>(ii) हिन्दी पाठ में संशोधन की आवश्यकता नहीं है । |

## उद्देश्यों और कारणों का कथन

यह विधेयक उन आवधिक उपायों में एक आवधिक उपाय है जिसके द्वारा उन अधिनियमितियों का, जो प्रवर्तन में नहीं रह गई हैं या अप्रचलित हो गई हैं या जिनका प्रतिधारण पृथक अधिनियमों के रूप में अनावश्यक हो गया है, निरसन किया जाता है या जिनके द्वारा अधिनियमितियों में पाई गई प्ररूपिक त्रुटियों का सुधार किया जाता है ।

2. अनुवर्ती टिप्पण विधेयक की उन मदों में, जिनके संबंध में कुछ विस्तृत स्पष्टीकरण आवश्यक हैं, सुझाए गए संशोधनों के लिए कारणों को स्पष्ट करते हैं ।

3. विधेयक के खंड 4 में व्यावृत्ति खंड के रूप में पूर्वावधानिक उपबंध अंतर्विष्ट है जो इस प्रकार के विधेयक में प्रायः सम्मिलित किए जाने के लिए है ।

**नई दिल्ली ;**
**22 जुलाई, 2019**

**रवि शंकर प्रसाद**

## दूसरी अनुसूची पर टिप्पण

1. आयकर अधिनियम, 1961 - अधिनियम का प्रस्तावित संशोधन प्रत्यक्ष गलतियों का सुधार करने के लिए है ।

2. भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 - अधिनियम के प्रस्तावित संशोधन उन भूलों का सुधार करने के लिए है जो उक्त अधिनियम में अनवधानता से हो गई थीं ।

## उपाबंध

# आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का अधिनियम संख्यांक 43) से उद्धरण

*    *    *    *    *

औद्योगिक उपक्रम के शहरी क्षेत्र से किसी विशेष आर्थिक जोन में स्थानान्तरण की दशा में आस्तियों के अंतरण पर पूंजी अभिलाभों की छूट।

**54छक.** (1) धारा 54छ में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां किसी पूंजी आस्ति के, जो किसी शहरी क्षेत्र में स्थित ऐसे औद्योगिक उपक्रम के कारबार के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त मशीनरी या संयंत्र या भवन या भूमि या किसी भवन या भूमि पर कोई अधिकार है, अंतरण से उद्भूत पूंजी अभिलाभ पर, जो ऐसे औद्योगिक उपक्रम के किसी विशेष आर्थिक जोन में, चाहे वह किसी शहरी क्षेत्र में विकसित हुआ हो, या किसी अन्य क्षेत्र में अंतरण के अनुक्रम में या उसके परिणामस्वरूप हुआ है, और निर्धारिती ने उस तारीख से, जिसको अंतरण हुआ था, पहले एक वर्ष या उसके पश्चात् तीन वर्ष की अवधि के भीतर,--

*    *    *    *    *

**स्पष्टीकरण**—इस उपधारा में,—

(क) "विशेष आर्थिक जोन" का वही अर्थ है, जो विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का 28) की धारा 2 के खण्ड (यक) में है;

*    *    *    *    *

# भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम संख्यांक 33) से उद्धरण

*    *    *    *    *

परिभाषाएं।

**3**. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

*    *    *    *    *

(च) "निदेशक" से धारा 17 की उपधारा (2) के अधीन नियुक्त संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है ;

*    *    *    *    *

अध्यादेश किस प्रकार बनाए जाएंगे।

**36.** (1) इस धारा में जैसा अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाय, अध्यादेश विद्या परिषद् द्वारा बनाए जाएंगे ।

*    *    *    *    *



MGIPMRND—1885LS(CRC)—22-7-2019.